व्याख्या—पाबूजी के तीन गुणों ने उन्हें देवता बनाया था - (1) गौवंश की रक्षा के सदैव तत्पर रहे, (2) समाज में व्याप्त छुआछूत मिटाने तथा (3) सामाजिक समरसता के लिए प्रयत्नशील रहे। दूदा सूमरा ने अमरकोट पर हमला कर दिया, सूमरा के सिपाही गायों को भगा कर ले जा रहे थे। पाबूजी ने गायों की रक्षा हेतु अमरकोट के सैनिकों का नेतृत्व करते हुए सूमरा से युद्ध किया और गायों को छुड़ा लिया। पाबूजी गौरक्षा के कर्तव्य का पालन करते हुए 1276 ई0 में शहीद हो गये।

792. धन्ना भगत के गुरु कौन थे?

(a) कबीर (b) नानक
(c) रामानंद (d) नामदेव

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (c) : धन्ना भगत (जाट) के गुरु 'रामानन्द' थे। धन्ना भगत का जन्म 14-15 ई. में टोंक जिले के धुवन गांव में हुआ था। 15वीं सदी में राजस्थान में धार्मिक आंदोलन प्रारम्भ करने का श्रेय संत धन्ना जी को दिया जाता है।

793. 'वांगड़ की मीरा' किसे कहा जाता है?

(a) गवरी बाई (b) पन्ना धाय
(c) रानाबाई (d) कर्मावती

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (a) : 'गवरी बाई' को वांगड़ की मीरा कहा जाता है। 18वीं शताब्दी में जन्मी गवरी बाई को मीराबाई का अवतार माना जाता है। गवरी बाई बचपन से ही ईश्वर की भक्ति में लीन रहती थी। उन्होंने भजनों के साथ कविताएं और पदों की रचना की।

794. राजस्थान की दूसरी मीरा संत रामाबाई का जन्म कहाँ हुआ था?

(a) कुडकी (b) कापडोद
(c) साबला (d) हरनावा

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (d) : राजस्थान की दूसरी मीरा संत रामाबाई का जन्म (1504-1570) हरनावा (नागौर) में हुआ था। वह प्रसिद्ध जाट बीरबाला एवं कवयित्री थी। उनकी रचनाएं राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र में लोकप्रिय है। वह राजस्थान की दूसरी मीरा के रूप में जानी जाती है।

795. हरनावा गांव किस संत से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल है?

(a) मीरा (b) रानाबाई
(c) लालगिरि (d) सुंदरदास

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

796. नेजा, जम्मा, रिखिया किस स्थानीय लोकदेवता से सम्बन्धित हैं?

(a) रामदेव जी (b) मल्लीनाथ जी
(c) कल्ला जी (d) रूपनाथ जी

House Keeper 2022_09.07.2022

Ans. (a) : नेजा, जम्मा, रिखिया, रामदेव जी लोकदेवता से संबंधित है। रामदेव जी का जन्म बाड़मेर के उडुकासमेर गाँव में भाद्रपद दूज को हुआ था। रामदेव जी ने पश्चिम भारत में मतान्तरण व्यवस्था को रोकने हेतु प्रभावी भूमिका निभाई थी। रामदेव जी के मेघवाल जाति के भक्त रिखिया कहलाते हैं, हिन्दू धर्म के लोग रामदेवजी को कृष्ण का अवतार मानते हैं तथा मुसलमान लोग इन्हें 'रामसा पीर' के रूप में। रामदेव जी के द्वारा चलाए गए शोषण के विरूद्ध अभियान को जम्मा-जागरण कहा जाता है।

797. तेजाजी से सम्बन्धित निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल सुमेलित नहीं है?

(a) खरनाल - जन्म स्थल
(b) पनेर - ननिहाल
(c) सुरसुरा - समाधि स्थल
(d) परबतसर - मेले का स्थल

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022

Ans. (c) : कुंवर तेजाजी को भगवान शिव का ग्यारहवां अवतार माना जाता है। इनका जन्म नागवंशीय क्षत्रिय जाट घराने में हुआ था। तेजा जी से सम्बन्धित सही कथन निम्न हैं-
(i) जन्म स्थल-खरनाल (नागौर जिला) के धोल्या जाट परिवार में। माता-पिता का नाम रामकंवरी व तहाड जी था।
(ii) ननिहाल - त्योद -पनेर
(iii) समाधि स्थल - परबतसर (नागौर)
(iv) मेला - तेजा दशमी (भाद्रपद शुक्ल दशमी) के अवसर पर पंचमी से पूर्णिमा तक परबतसर (नागौर) में विशाल पशु मेला लगता है।
(v) पूजा स्थल (थान)-तेजा जी के चबूतरे को थान व पुजारी को घोड़ला कहा जाता है।
(vi) धोड़ी - लीलण (सिंणगारी)

798. राजस्थान के कौन से लोक देवता को ''धोलियावीर'' के नाम से भी जाना जाता है?

(a) पाबूजी (b) कबीर
(c) गोगाजी (d) तेजाजी

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (d) : जाटों के प्रमुख देवता वीर तेजाजी का जन्म धोलिया गोत्र में हुआ था। इसलिए इन्हें धोलियाबीर भी कहा जाता है। इनका परबतसर (नागौर) में प्रमुख पूजा स्थल है। इसके अतिरिक्त तेजाजी को 'काला और बाला का देवता' 'साँपों का देवता' तथा कृषि कार्यों का उपकारक देवता भी कहा जाता है। इनकी मृत्यु पर इनकी पत्नी सती हो गयी।

799. किस लोक देवता की पत्नी उनकी मृत्यु के बाद सती हो गई?

(a) मल्लीनाथ (b) हरबूजी
(c) तेजाजी (d) देवजी

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

800. राजस्थान में निम्नलिखित में से किस स्थान पर तेजाजी की स्मृति में पशु मेला आयोजित होता है?

(a) देशनोक (b) आसीन्द
(c) परबतसर (d) तिलवाड़ा

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

801. राजस्थान के किस संत और रामानंद के शिष्य ने अपने राज्य को त्याग कर गुरु मंडली में सम्मिलित हुए?

(a) धन्ना जी (b) जाम्भो जी
(c) पीपा जी (d) रैदास

सेकेण्ड ग्रेड संस्कृत शिक्षा -2019
48 LA2018_Question Paper Code-48